लवासा विमेन्स ड्राईव में बनाया गया रिकार्ड,
एलडब्ल्यूडी में हिस्सा लेकर 2011 महिलाओं ने मनाया अंर्तराष्ट्रीय महिला दिन

मुंबई, 27 फरवरी, 2011: आज की ठंडी सुबह में हजारों महिलाएं बांद्रा रेक्लेमेशन ग्राऊंड पर तीसरे लवासा विमेन्स ड्राईव में हिस्सा लेने के लिए जमा हुई थी। उल्हास से भरे वातावरण में और लहराती हुई हवाओं में प्रफुल्लित मनों को और भी तरों-ताज़ा करने के लिए उनका स्वागत इस्कॉन फूड रिलीफ फाऊंडेशन ने गरमागरम खिचड़ी पेश की थी। हर एक कार में क्वा नॅचरल मिनरल वॉटर की ओर से पानी की बोतल और एलडब्ल्यूडी गीत की सीडी दी गयी थी। कई प्रतियोगीयों ने अपनी कार को अलग-अलग ढंग से सजाया था। साथ ही, बेटी की रक्षा, बाघ के शिकार की रोकथाम, पानी और बिजली की बचत आदि कई सामाजिक संदेश भी इन कारों पर लिखे गये थे।

बॉलिवुड सुपरस्टार अर्जुन रामपाल और उनकी पत्नि मेहर जेसिया ने पहली कार को हरी झंड़ी दिखायी। महिलाओं को होनेवाले कॅन्सर की पहले से जाँच की जानेपर ठीक किया जा सकता है और इस दिशा में किए जानेवाले प्रयासों को सहयोग प्रदान करने के लिए श्वेता तिवारी, दीप्ती भटनागर, सुचित्रा पिल्लई और नौहीद सायरसी ने रोझी कार निस्सान मायक्रा और निस्सान टीयाना चलायी। इनके साथ-साथ प्रिया दत्त, पार्वती ओमनाकुट्टन, व्हीजे जोस, इक्बाल खान, विक्रम सलुजा, हितेन तेजवानी, गौतम कपूर, समीर सोनी और सुषमा रेड्डी आदि बॉलिवुड सेलिब्रेटीज् और गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम के लिए आए हुए थे। इस अवसर पर प्रतियोगियों को व्हीएलसीसी वाऊचर्स और फॅन्टसी चॉकलेटस् की गुडी बॅग्ज् भी दी गयी। रुपा गांगुली, नौहीद सायरसी और आरजे तराना ने लवासा तक कार चलायी।

मुंबई की तेज़ हवाओं से निकल कर यह महिलाएं लवासा के ठंड़े, सुंदर वातावरण में पहुंची। इस 240 किमी की यात्रा में उन्होने ट्युलिप चार्ट और डब्ल्यूआयएए के नियमों का पालन किया। इस ड्राईव का फॉरमॅट टाईम-डिस्टन्स-स्पीड था। सभी प्रतियोगी महिलाएं एलडब्ल्यूडी गीत के सूरों पर झूमती हुई लवासा पहुंची।

इन महिला प्रतियोगियों को बधाईयां देने के लिए विवेक ओबेरॉय एक स्वॅन्की चॉपर से लवासा पहुंचे। उन्हें देखकर सभी खूशी से झूम उठें। लवासा में वॉटर स्पोर्टस्, चाट स्ट्रीट जैसे कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। साथ व्हीएलसीसी ने महिलाओं के लिए मसाज कॉर्नर भी लगाया हुआ था। शिबानी कश्यप और सुपास्टार्स ने अपने परफॉर्मन्स से सभी का मन मोह लिया। शिबानी ने अपनी युवा अदाकारी से पेश किए हुए एलडब्ल्यूडी गीत से सभी के दिल जीत लिए।

भाग्यशाली विजेताओं को अन्य इनामों के साथ ही फॅरेनहीट हॉटेल्स ॲन्ड रिसॉर्टस्, गोवा के हॉलिडे पॅकेज भी दिए जाएंगे। महिला सबलीकरण का वास्तव दर्शन कराते हुए ऑल विमेन टॅक्सी सर्विस व्हीआयआयआरए अर्थात वीरा कॅबस् ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सर्व्हायकल कॅन्सर की दवाईयां बनानेवाली अग्रणी कंपनि एमएसडी फार्मास्युटीकल्स ने भी एलडब्ल्यूडी को सहयोग प्रदान किया है।

लवासा कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मार्केटींग विभाग की वरिष्ठ उपाध्यक्षा श्रीमती अनुराधा पारसकर ने कहा कि, *मुंबई और पुणे से लवासा तक ड्राईव करते हुए आयी 2000 महिलाओं का स्वागत करते हुए हमें बहुत खुशी महसूस हो रही है। संगीत और नृत्य में झूमती हुई इन महिलाओं को देखना अपने-आपने में एक अनोखा अनुभव है। लवासा विमेन्स ड्राईव के गीत के शीर्षक में वर्णन की हुई परिपूर्ण जीवन की संकल्पना का यथार्थ दर्शन आज यहां पर हुआ है। प्रभाव, अनुठापन, आगे बढने की शक्ति और फिर भी समाज के प्रति लगाव - लवासा ब्रॅन्ड की यह सभी विशेषताएं इस कार्यक्रम में दिखायी दी।*

बॉम्बे टाईम्स और लवासा कॉर्पोरेशन ने एकसाथ मिलकर यह पहल चलायी है। विमेन्स कॅन्सर इनिशिएटीव्ह टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल का सहयोग इसे प्राप्त है और इसके आयोजन में वेस्टर्न इंडिया ऑटोमोबाईल असोसिएशन का भी साथ है। यह टाईम्स रेड सेल की पहल है। इस कार्यक्रम का प्रबंधन कनव्हर्जन्स इव्हेन्टस् ॲन्ड प्रमोशन्स द्वारा किया गया। 4 मार्च 2011 को मुंबई के हयात रेसिडेन्सी में आयोजित किए अंतिम पुरस्कार समारोह के पश्चात यह ड्राईव समाप्त होगा।

अधिक जानकारी के लिए कृपया यहां संपर्क करें:

आनंद आर. अय्यर/सुचिता तुली बेनेट, कोलमन ॲन्ड कंपनी लिमिटेड मोबाईल: 98671 69672 / 98209 24380	अश्विन शेट्टी / उमेश कोळमकर लवासा कॉर्पोरेशन लिमिटेड मोबाईल : 9967024293 / 9821851399
	जशोदा माधवजी / चिन्मय शाह वैष्णवी कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन्स मोबाईल: 9987274025/ 9867554173